प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

10.01.2026/प्रादेशिक समाचार/1500बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश में पैट्रो ईंधन चालित टैक्सियों को चरणबद्ध ढंग से ईवी वाहनों में बदला जाएगा। मुख्यमंत्री ने शिमला में परिवहन, श्रम और रोजगार विभाग की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि प्रथम चरण में राजीव गांधी स्टार्टअप योजना के तहत एक हजार पैट्रो ईंधन टैक्सियों को ई–टैक्सियों में बदला जाएगा। इसके लिए प्रदेश सरकार द्वारा टैक्सी मालिकों को 40 प्रतिशत सब्सिडी दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने परिवहन विभाग को इसके लिए प्रक्रिया शीघ्र पूरी करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में परिवहन सुविधाओं को मजबूत करने के लिए निजी क्षेत्र में बसों के 3 सौ 90 रूट आवंटित किए गए है। इसके लिए सरकार द्वारा 30 प्रतिशत उपदान भी दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इससे ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को बेहतर परिवहन सुविधा उपलब्ध होगी साथ ही रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।

हिमाचल प्रदेश–बस दुर्घटना

सिरमौर जिला के दूरदराज क्षेत्र हरिपुरधार के पास कल हुई निजी बस दुर्घटना में मृतकों की संख्या 14 हो गई है। जबकि 52 अन्य घायल हुए हैं। बस में 66 यात्री सवार थे। घायलों का उपचार नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों में किया जा रहा है। प्रदेश सरकार ने इस बस दुर्घटना की मैजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए है। ये जांच 15 दिनों के भीतर पूरी होगी। जांच का जिम्मा एस.डी.एम संगड़ाह को सौंपा गया है। इस बीच प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष व रेणुका जी से विधायक विनय कुमार और सिरमौर के उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने आज घटनास्थल का दौरा किया। विनय कुमार ने इस मौके पर कहा कि प्रदेश सरकार घायलों की हर संभव सहायता कर रही है और उन्हें मुफ्त उपचार उपलब्ध करवाया जा रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि जिला प्रशासन की ओर से सभी मृतकों के परिजनों को 25–25 हजार रूपए की फौरी नगद राहत उपलब्ध करवाई गई है।

संसद – बजट सत्र

संसद का बजट सत्र इस महीने की 28 तारीख़ से शुरू होगा और 2 अप्रैल तक चलेगा। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि सत्र का पहला चरण 13 फरवरी को समाप्त होगा। उन्होंने कहा कि दूसरा चरण 9 मार्च को शुरू होगा। रिजिजू ने बताया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बजट सत्र के लिए संसद के दोनों सदनों का सत्र बुलाने की मंजूरी दे दी है।

हिंदी दिवस

दुनियाभर में आज विश्व हिंदी दिवस मनाया जा रहा है। विदेशों में हिंदी भाषा को बढ़ावा देने के लिए इस दिवस की शुरुआत हुई थी। इसका उद्देश्य कूटनीति शिक्षा और सांस्कृतिक आदान–प्रदान सहित अंतरराष्ट्रीय मंचों पर हिंदी के उपयोग को प्रोत्साहित करना है। वर्ष 2006 में आज ही के दिन नागपुर में पहला विश्व हिंदी सम्मेलन आयोजित किया गया था। तब से हर वर्ष 10 जनवरी विश्व हिंदी दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। विदेश मंत्रालय और विदेशों में भारतीय मिशन भी प्रतिवर्ष इस दिवस को मनाते हैं। विदेश राज्यमंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने कहा कि भाषा संस्कृति को जीवित रखती है और इसका उद्देश्य हिन्दी भाषा के माध्यम से देश की संस्कृति और समृद्ध विरासत का प्रसार करना है। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संदेश पढ़ा गया। उन्होंने कहा कि प्रवासी भारतीय हिंदी भाषा के राजदूत हैं। नरेन्द्र मोदी ने अपने संदेश में कहा कि भारत के विकास और बढ़ते वैश्विक प्रभाव से विश्वभर के लोगों में भारत और हिंदी के प्रति रुचि बढ़ रही है।

....

डिजिटल कृषि मिशन

केंद्रीय कृषि व किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा कृषि क्षेत्र में सरकारी कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और दक्षता बढ़ाने, कृषि क्षेत्र में सुधार लाने के लिए नीतिगत निर्णय लेने और डिजिटल अर्थव्यवस्था में कृषि यांत्रिकी को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से डिजिटल कृषि मिशन शुरू किया गया है। इस मिशन के अंतर्गत एक व्यापक कृषि–केंद्रित डिजिटल डेटाबेस स्थापित किया जाएगा जिसमें देश भर के प्रत्येक किसान के कृषि संबंधी आंकड़े दर्ज होंगे। ऊना जिला में भी इस रबी के मौसम से डिजिटल कृषि मिशन के लिए किसानों का पंजीकरण आरंभ हो गया है।

अधिक ब्यौरे के साथ हमारे ऊना जिला संवाददाता.....

कृषि क्षेत्र को आधुनिक पारदर्शी व किसान हितैशी बनाने हेतू उना जिले में केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के डिजिटल कृषि मिशन पर कार्य आरंभ कर दिया गया है। इस मिशन के अंतर्गत किसानों को सुविधा हो और सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे उन लोगों तक पहुंचे। इसके लिए डिजिटल किसान रजिस्ट्री तैयार होगी । प्रत्येक डिजीटल किसान की एक विशिष्ठ आई डी बनाई जायेगी जिसके साथ इस किसान की पहचान कृषि भूमि और लगाई गई फसलों का ब्योरा लोकमित्र केंद्रों के माध्यम से ऑनलाईन निशुल्क दर्ज होगा। प्रधानमंत्री कृषि सम्मान निधि के लभार्थियों को प्राथमिकता के आधार पर इस मिशन से जोड़ा जायेगा। आकाशवाणी के लिए उना से राजेश शर्मा

....